दैनिक जागरण : 09.05.2017

नौशेरा सेक्टर में पाक बंकरों को भारत ने किया ध्वस्त

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन कर रही पाकिस्तानी फौज को करारा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने नौशेरा इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार निकाई पोस्ट समेत पाकिस्तानी सेना के कई बंकरों को ध्वस्त कर दिया। सेना की इस कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पाकिस्तान में भी इसे लेकर हलचल की खबरें हैं। सेना ने हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से पाक बंकरों को ध्वस्त किए जाने की पुष्टि नहीं की है।1सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सेना ने 17 अप्रैल के आस-पास रूस निर्मित टी-55 टैंकों से गोले बरसाते हुए एलओसी के पार नौशेरा सेक्टर में कम से कम चार से सात पाक सैन्य बंकरों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में पाकिस्तान की निकाई पोस्ट भी तबाह कर दी गई। एलओसी से करीब दो किलोमीटर की दूरी से पाक बंकरों को निशाना बनाया गया। इन टैंकों का इस्तेमाल भारतीय फौज सीमा पर अपनी पैदल सेना के सुरक्षा कवच के रूप में करती है। पाक बंकरों पर कार्रवाई से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लक्ष्य पर बिल्कुल सटीक निशाना लगाने की भारतीय जवान की आवाज भी सुनाई दे रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह वीडियो वायरल होने के बाद से पाकिस्तानी सेना के कैंप में काफी हलचल है। मगर भारतीय सेना की ओर से कोई बयान जारी नहीं किए जाने की वजह से पाकिस्तानी फौज भी चुप्पी साधे हुए है। स्पष्ट है कि इस कार्रवाई का जवानों के सिर काटे जाने के मामले से कोई संबंध नहीं है और यह घटना उससे पहले की है।जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : संघर्ष विराम का लगातार उल्लंघन कर रही पाकिस्तानी फौज को करारा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने नौशेरा इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार निकाई पोस्ट समेत पाकिस्तानी सेना के कई बंकरों को ध्वस्त कर दिया। सेना की इस कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पाकिस्तान में भी इसे लेकर हलचल की खबरें हैं। सेना ने हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से पाक बंकरों को ध्वस्त किए

जाने की पुष्टि नहीं की है। 1सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सेना ने 17 अप्रैल के आस-पास रूस निर्मित टी-55 टैंकों से गोले बरसाते हुए एलओसी के पार नौशेरा सेक्टर में कम से कम चार से सात पाक सैन्य बंकरों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में पाकिस्तान की निकाई पोस्ट भी तबाह कर दी गई। एलओसी से करीब दो किलोमीटर की दूरी से पाक बंकरों को निशाना बनाया गया। इन टैंकों का इस्तेमाल भारतीय फौज सीमा पर अपनी पैदल सेना के सुरक्षा कवच के रूप में करती है। पाक बंकरों पर कार्रवाई से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लक्ष्य पर बिल्कुल सटीक निशाना लगाने की भारतीय जवान की आवाज भी सुनाई दे रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह वीडियो वायरल होने के बाद से पाकिस्तानी सेना के कैंप में काफी हलचल है। मगर भारतीय सेना की ओर से कोई बयान जारी नहीं किए जाने की वजह से पाकिस्तानी फौज भी चुप्पी साधे हुए है। स्पष्ट है कि इस कार्रवाई का जवानों के सिर काटे जाने के मामले से कोई संबंध नहीं है और यह घटना उससे पहले की है।